लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 130, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, सोमवार, 27 मार्च 2023

www.amritvichar.com

Page No. 09 Bottom

मैं खूबसूरत हूं

एसआरएमएस रिद्धिमा की ओर से हुआ नाटक का मंचन

हारे मन को फिर जीना सिखा देते हैं प्रेम के कुछ पल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को रोमांटिक प्ले 'मैं खूबसूरत हूं' का मंचन किया गया। यशपाल की कहानी पर आधारित, अख्तर अली के नाट्य आलेख पर रिद्धिमा प्रोडक्शन की ओर से प्रस्तुत इस नाटक को शैलेंद्र शर्मा ने निर्देशित किया।

इसकी कहानी शुरू होती है, अस्पताल के एक कमरे से, जहां एक लड़की सुगंधा का इलाज चल रहा है। सुगंधा जीना नहीं चाहती पर डॉक्टर उसे बचने के लिए अपनी पूरी जान लगा रहे हैं। सुगंधा के साथ उसके दूर के मामा भी है। जिस वार्ड में सुगंधा उपचाराधीन है उसी में एक और मरीज उमंग को लाया जाता है। उमंग बहुत ही जिंदादिल है और जिंदगी को जीना बहुत अच्छी तरह से जानता है। इलाज के दौरान उमंग नर्सों के साथ मजाक मस्ती करता रहता है। उसे फोटोग्राफी का भी शौक है। वह सुगंधा के भी फोटो लेता है।

रिद्धिमा में यशपाल द्वारा लिखित नाटक 'मैं खूबसूरत हूं' का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- **यशपाल द्वारा लिखित नाटक का शैलेश शर्मा ने किया निर्देशन**

उमंग से मिलने के बाद सुगंधा के विचारों में परिवर्तन होता है और वह ठीक हो जाती है। एक दिन उमंग उससे अगले दिन मिलने का वादा कर चला जाता है, लेकिन अगले दिन वह नहीं आता। सुगंधा को पता चलता है कि वह उमंग था ही नहीं, तो वो उदास हो जाती है और यहीं नाटक समाप्त हो जाता है।

शाजिन ने सुगंधा, सूर्यप्रकाश ने उमंग, मोहसिन खान ने डाक्टर का किरदार बखूभी निभाया। मामा के रूप में फरदीन खान, जूनियर डाक्टर के रूप में गौतम गंगवार और नर्सों की भूमिका में विशा और और शिवानी ने भी बेहतरीन अभिनय किया। नाटक में संगीत मंजीत ने दिया और प्रकाश संयोजन की जिम्मेदारी रविंद्र व जसवंत ने निभाई। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. एसबी गुप्ता, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार सहित शहर अन्य लोग मौजूद रहे।